सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 290 | इंदौर, गुरुवार 02 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी की EOW में शिकायत

# कहा- टाइम पर नहीं कराया FDR रिन्युअल, 120 करोड़ की हुई गड़बड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल की राजीव गांधी प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में हुए घोटाले के बाद अब जबलपुर की मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी (MPMSU) में भी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। यूनिवर्सिटी में एक सौ बीस करोड़ रुपए से अधिक की गड़बड़ी की शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) से की गई है। एनएसयूआई नेता रवि परमार ने इस मामले की शिकायत कर प्रकरण पंजीबद्ध करने की मांग की है। इसे लेकर एक ज्ञापन भी दिया है।



### एफडीआर का टाइम पर नहीं कराया रिन्युअल, ऑडिट में मिली चूक

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मध्यप्रदेश की एकमात्र मेडिकल विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में बीते साल स्थानीय निकाय संपरीक्षा के ऑडिट में विनियोजन राशि (एफडीआर) के रिन्युअल ना कराए जाने का मामला ऑडिट में त्रुटिपूर्ण पाया गया। विश्वविद्यालय के ऑडिट में स्पष्ट कहा गया कि एफडीआर का नवीनीकरण नहीं कराया गया है। ऑडिट में पेश की गई विनियोजन पंजी को किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया है।

### 120 करोड़ की गड़बड़ी हुई

शिकायती ज्ञापन में लिखा- एफडीआर की परिपक्वता तिथि (मेच्युरिटी डेट) में नवीनीकरण (रिन्युअल) नहीं कराया गया। जिसके फलस्वरूप अगस्त 2022 में 30 करोड़ 96 लाख 97 हजार 927, सितंबर 2022 में 9 करोड़ 11 हजार इक्कीस, अक्टूबर 2022 में 34 करोड़ 54 लाख 31 हजार 194 रुपए, माह नवंबर 2022 में 26 करोड़ 83 लाख 46 हजार 508 रुपए, माह दिसंबर 2022 में 8 करोड़ 74 लाख 13 हजार 993 एवं जनवरी 2023 में 10 करोड़ 81 लाख 65 हजार 157 रुपए का नुकसान हुआ है।

इस तरह कुल 1 अरब 20 करोड़ 90 लाख 65 हजार 100 रुपए की एफडीआर रिन्युअल ना होने की वजह से करीब सवा करोड़ रुपए का नुकसान होने की आशंका है। 8 स्कंध पंजी, डाक पंजी, मनी पासेज और स्टाम्प ड्यूटी आदि के सत्यापन में भी कई कमियां पाई गई है।

परमार ने कहा कि आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा टेंडरों में भी गड़बड़ियां की जा रहीं हैं। जिससे विश्वविद्यालय को आर्थिक नुकसान हो रहा है। हजारों की संख्या नर्सिंग की उत्तर पुस्तिकाओं को गीला कर करोड़ों रुपए का घोटाला किया गया। NSUI ने सभी परीक्षाओं के परिणामों की टेबुलेशन शीट और आंसर शीट की जांच कराने की मांग की है।

### रजिस्ट्रार बोले- हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जांच कर रहे हैं

मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पुष्पराज सिंह बघेल का कहना है कि जिस मामले को लेकर शिकायत की गई है। उसकी जांच विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से कराई जा रही है। इस मामले को भोपाल की RGPV यूनिवर्सिटी के मामले से जोड़ना गलत है। जो भी एफडीआर हैं वो राष्ट्रीकृत बैंकों में हैं। और जो एफडीआर रिन्युअल समय पर ना कराने की बात है तो कई बार अफसरों के ना होने या दूसरे कारणों से कार्रवाई नहीं हो पाई। लेकिन, बैंकों में करंट इंटरेस्ट रेट पर एफडीआर ऑटोरिन्युअल हो जाता है। इस मामले की हाल ही में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट राजभवन में भी प्रस्तुत की गई है। घोटाले जैसी बातें निराधार हैं।

## दंडी आश्रम में बच्चों से कुकर्म का दूसरा आरोपी आष्टा से गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** दंडी आश्रम में बच्चों से कुकर्म करने के दूसरे आरोपी अजय ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सेवादार ठाकुर को बुधवार देर रात सीहोर जिले के आष्टा से पकड़ा गया। गुरुवार सुबह 6 बजे पुलिस उसे उज्जैन लेकर आई। शहर के बड़नगर मार्ग स्थित दंडी सेवा आश्रम में संचालित गुरुकुल में बच्चों से यौन शोषण के खुलासे के बाद पुलिस ने आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर पर अलग-अलग 3 केस दर्ज किए हैं। अप्राकृतिक कृत्य की धारा के साथ पॉक्सो एक्ट में भी कार्रवाई की गई है। आचार्य राहुल शर्मा को आश्रम के संचालक संत गजानंद सरस्वती ने खुद पुलिस बुलाकर गिरफ्तार करा दिया था। सेवादार फरार था।

## प्रियंका गांधी मुरैना में सभा करेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पहली बार मध्यप्रदेश आ रही हैं। वे गुरुवार को दोपहर 3.40 बजे मुरैना में चुनावी सभा करेंगी। कांग्रेस ने यहां से सत्यपाल नीटू सिकरवार को प्रत्याशी बनाया है। उनका मुकाबला भाजपा के शिवमंगल सिंह तोमर से है। प्रियंका बिलासपुर से दोपहर 3.15 बजे ग्वालियर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। ग्वालियर से मुरैना 3.40 बजे पहुंचेंगी। प्रियंका के साथ मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया भी मौजूद रहेंगे।

## रेलवे अफसर ने युवती से किया रेप, वीडियो-फोटो लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में एक रेलवे अफसर ने युवती को अनुकंपा नियुक्ति के नाम पर झांसे में लिया। उसके साथ रेप कर मोबाइल से वीडियो बनाए और फोटो खींच लिए। इसके बाद दो साल तक ब्लैकमेल करता रहा। परेशान होकर युवती ने मां को आपबीती बता दी। 24 अप्रैल को सिविल लाइन थाने में शिकायत की। पुलिस ने 29 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सामने आने के बाद डीआरएम ने भी 30 अप्रैल को आरोपी अफसर को निलंबित कर दिया है। मुख्य आरोपी पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में चीफ वेलफेयर इंस्पेक्टर विनोद कोरी है।

## एमपी में 8 दिन चलेगी हीट वेव

### 10 से 17 मई के बीच भीषण गर्मी का अनुमान, अभी 9 शहरों में टेम्प्रेचर 40 डिग्री पार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मई के महीने में 5 से 8 दिन हीट वेव, यानी गर्म हवाएं चलेंगी। प्रदेश के पूर्वी हिस्से के अलावा ग्वालियर-चंबल में असर ज्यादा रहेगा। वहीं, 10 से 17 मई के बीच और महीने के आखिरी दिनों में भीषण गर्मी पड़ सकती है। IMD (भारत मौसम विज्ञान विभाग) ने यह अनुमान जताया है। मई में प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश भी हो सकती है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने से ऐसा होगा। इससे पहले मई के पहले ही दिन प्रदेश के 9 शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार रहा। सबसे गर्म खरगोन रहा। यहां पारा 42.4 डिग्री तक पहुंच गया। IMD, भोपाल ने 3 और 4 मई को गर्म हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

**दो दिन यहां चलेगी हीट वेव-** 4 और 5 मई को ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, खरगोन और खंडवा में हीट वेव चल सकती है। मौसम विभाग ने यह अलर्ट जारी किया है।

# विधायक हार्डिया ने शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने पर कलेक्टर को लिखा पत्र

**कलेक्टर ने वस्तु स्थिति जानने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश**

## स्कीम नं. 140, पिपल्याहाना में नई शराब दुकान हटाने के लिए रहवासियों का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पिछले दिनों अन्नपूर्णा क्षेत्र के लोगों व्दारा किए गए कड़े विरोध के चलते हटाई गई शराब की दुकान के बाद अब एक और शराब दुकान हटाने का विरोध शुरु हो गया है। यह विरोध विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पांच के अन्तर्गत आने वाली स्कीम नं. 140, पिपल्याहाना के रहवासी कर रहे है। यहां पर गत दिनों एक नई शराब दुकान प्रारंभ हुई है। दुकान हटाने के विरोध को लेकर रहवासियों ने क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया से चर्चा की। इस मामले में विधायक हार्डिया ने कलेक्टर आशीष सिंह को पत्र लिखकर शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। इस मामले में कलेक्टर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।**

विधायक महेन्द्र हार्डिया ने कलेक्टर को भेजे पत्र में लिखा है की स्कीम नं. 140 और इसके आसपास लगभग 30-40 कॉलोनियों में शहर के सभ्रांत परिवार के लोग निवासरत है। इसी क्षेत्र से सर्वाधिक पंजीयन शुल्क एवं सम्पत्ति कर शासन को मिलता है। नई शराब दुकान खुलने से रहवासियों में भारी रोष उत्पन्न हो गया है। यहाँ पर असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है।

उन्होंने कहा मुझे जानकारी प्राप्त हुई है कि रहवासियों द्वारा नई शराब दुकान को लेकर सरकार के विरूद्ध बडे आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते मुझे इसमें सम्मिलित होना पडेगा। इससे सरकार की छबि पर प्रतिकूल प्रभाव पडेगा। वैसे भी पिछले कई दिनों से क्षेत्र के रहवासी लगातार शराब दुकान का विरोध कर रहे है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है की रहवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए जनहित में स्कीम नं. 140 की शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के आदेश प्रदान करें। इस मामले में कलेक्टर आशीष सिंह ने वस्तु स्थिति का पता लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# समाजसेवी एडव्होकेट विनीता सुरेंद्र पाठक ने ली भाजपा की सदस्यता



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महासचिव व मध्यप्रदेश कांग्रेस विधि एवं मानवाधिकार विभाग की प्रदेश सचिव विख्यात समाजसेवी विनीता सुरेंद्र पाठक ने आज भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। बीजेपी कार्यालय में मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, जयपाल सिंह चावड़ा, नरेंद्र सलूजा व रूबी सलूजा की उपस्थिति में उन्होंने सदस्यता प्राप्त की।**

पार्टी छोड़कर बीजेपी से जुडने के सवाल पर विनीता पाठक ने बताया कि उन्होंने किसी लालच या डर से भाजपा नही ज्वाइन की बल्कि ये कांग्रेस में उनकी हो रही लगातार उपेक्षा की प्रतिक्रिया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की गुटबाजी और तानाशाही रवैये ने उन्हें हर कार्य मे हतोत्साहित किया। भारत जोड़ो यात्रा में कलेक्ट्रेट के पास स्वयं के खर्च से विशाल चित्र प्रदर्शनी तैयार की जिसमे भारत जोड़ो यात्रा की चित्रमय झलकियो के बड़े बड़े 50 से अधिक होर्डिंग थे किंतु बहुत ही निराशाजनक बात है कि इसे राहुल गांधी व हमारे बड़े नेताओं ने देखना भी उचित नही समझा। रैली की अगवानी कर रहे बच्चों और कार्यकर्ताओं को बाउंसरो ने गिरा दिया। लगातार उपेक्षाओं से तंग आकर अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए यह कदम उठाया। मेरे पिता ने भी मुझे कांग्रेस में न जाने के लिए आगाह किया था पर मैं उनका इशारा अब समझी हूँ। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने सुश्री पाठक के पिता स्व. सुरेंद्र पाठक को याद किया। सुश्री पाठक ने कहा कि वे एक समाजसेवी के रूप में लगातार सेवाकार्य में लगी है अब वे कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए अपने कार्यो को जारी रखेगी।

## विक्रम संवत पर कैलेंडर जारी करना सनातनी परंपरा का परिचायक -महंत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विक्रम संवत 2081 पर वार्षिक कैलेंडर जारी करना सनातनी हिंदू धर्म की परंपरा का निर्वहन करने का परिचायक है। यह बात पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त योगेंद्र महंत ने कृषक जगत की राष्ट्रीय मासिक पत्रिका हलधर वाणी का वार्षिक कैलेंडर विमोचन समारोह में कहीं। पत्रिका के संपादक राजेंद्र नगर ने बताया कि आज भी 65ल से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है और ज्यादातर लोगों का काम खेती किसानी से संबंध है। इसी के मद्देनजर पत्रिका द्वारा हर वर्ष गुड़ी पड़वा, विक्रम संवत्सर यह कैलेंडर प्रकाशित किया जाता है। एरोड्रम रोड स्थित हंसदास मठ में आयोजित सर्व ब्राह्मण एकता सम्मेलन में कैलेंडर का विमोचन हुआ और आए ब्राह्मण जनों ने पत्रिका के इस प्रयास की सराहना की। इस दौरान मुख्य रूप से पत्रिका के प्रधान संपादक दीपक शर्मा, मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद की इंदौर शाखा के अध्यक्ष अभिनव दवे, हर्षित नगर, आनंद शर्मा, मनोज नागर आदि भी मौजूद रहे।

## 21 सूत्रीय मांगो को लेकर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ नें इंदौर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश पर इंदौर जिला इकाई द्वारा 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर पत्रकारों की समस्याओं से संबंधी 21 सूत्रीय ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम इंदौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में इंदौर जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार, महासचिव राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष हेमंत व्यास, प्रवीण जोशी, सचिव अशोक शर्मा, संयुक्त सचिव अनिल चौधरी, शुभम अग्रवाल, किशोर लोवंशी और कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन सिंह मौजूद थे। इस अवसर पर इंदौर संभाग अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला,महासचिव खन्नू विश्वकर्मा,उपाध्यक्ष गिरीश कानूनगो भी उपस्थित थे।

21 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग लंबे समय से लंबित है। इसके लिए राज्य सरकार ने एक कमेटी भी बनाई, लेकिन उस कमेटी की आज तक बैठक नहीं हो पाई। इसके अलावा श्रम विभाग के सहयोग से कमेटी बनाने, संभाग व जिला स्तर पर श्रमजीवी पत्रकार प्रकोष्ठ बनाने, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ दिलाने, श्रमजीवी पत्रकार कल्याण आयोग का गठन करने तहसील स्तर पर सूचना सहायक नियुक्त किए जाने, टोल नाको पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड पर छूट प्रदान करने, समाचार पत्रों तथा पत्रकारों को जीएसटी से मुक्त रखना आदि मांगो को लेकर ज्ञापन सोपा गया। इस संबंध में राज्यपाल से मांग की गई है कि सभी 21 सूत्रीय मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाए।

# विकसित भारत हेतु एनईपी का सफल क्रियान्वयन आवश्यक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विकसित भारत हेतु नेशनल एजुकेशन पालिसी (एन.ई.पी) का सफल क्रियान्वयन अति आवश्यक है। राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में मजबूत शैक्षिक ढांचे का बहुत महत्व है। पुरजोर राष्ट्रीय शिक्षा नीति संपूर्ण विकास के लिए सिद्ध हो सकती है और छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकती है। शिक्षा नीति के मुख्य घटक देश के समग्र विकास में योगदान कर सकते हैं। हमें छात्रों के बीच रचनात्मकता, महत्वाकांक्षा और नवाचार को विकसित करने के महत्व पर जोर देना होगा, साथ ही शिक्षा में समावेशिता, न्याय की सुनिश्चितता को मजबूत बनाना होगा।**

इंडिया इंटेलेक्चुअल कॉन्क्लेव-2024' में वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. पुनीत द्विवेदी ने यह बात प्रमुखता से रखी। ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज एवं इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज इंदौर में प्रोफेसर व समूह निदेशक के रूप में कार्यरत डॉ. द्विवेदी ने इंदिरापुरम हैबिटेट सेंटर (गाजियाबाद, एन.सी.आर) में आयोजित इस कॉन्क्लेव की थीम 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ताकत और उसके योगदान पर विकसित भारत' पर अपने भारतीय दृष्टिकोण को साझा किया। कॉन्क्लेव का उद्घाटन श्रीमती अंका वर्मा, अभिषेक वर्मा (उद्यमी), डॉ. लेला एम. अतुल चौधरी (आईआरएस), पद्मश्री जितेंद्र सिंह, जितेंद्र मणि त्रिपाठी (आईपीएस, दिल्ली पुलिस), सिमरन आहूजा, दीपिका जोशी, मिसेज टेलर एलिजाबेथ (शिक्षाविद), प्रो. द्विवेदी एवं डॉ. पी.के. राजपूत (काडिला फार्मास्यूटिकल्स लि. के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष) आदि शिक्षाविद, पॉलिसी मेकर्स एवं प्रशासकों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

कॉन्क्लेव ने विभिन्न क्षेत्रों के विचार और विशेषज्ञों के लिए एक मंच दिया, जहाँ राष्ट्र निर्माण और प्रगतिशील विकास पर महत्वपूर्ण व्यक्तियों की उपस्थिति ने चर्चा को समृद्ध किया। कॉलेज के चेयरमैन अक्षांशु तिवारी, चेयरपर्सन एवं मार्गदर्शक डॉ. सीमा तिवारी एवं अक्षय तिवारी ने डॉ. द्विवेदी की इस उपलब्धि को संस्थान की बताकर शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अभिषेक पांडेय ने आभार व्यक्त किया।

## मजदूर दिवस पर स्वच्छता की प्रतीक झाड़ू का पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मप्र सफाई कर्मचारी संघ, भारतीय मजदूर संघ के सुरेश लाहोरे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस साल भी संस्था कार्यालय पर मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाल्मिकी समाज की कुल देवी आशो महारानी एवं स्वच्छता की प्रतीक झाड़ू का पूजन किया गया। संस्था के प्रमुख ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री के स्वच्छता मिशन में इंदौर सातवीं बार अवार्ड लेकर आया है। आंठवी बार भी हम पुनः अवार्ड लेकर आए इसके लिए कर्मचारियों ने संकल्प लिया।

## भाजपा कार्यकत्ता सम्मेलन, अनेक कांग्रेसजन भगवामय

**दरबार को कोई हरा नहीं सकता था-मंत्री विजयवर्गीय**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुधवार दोपहर को महू स्थित उत्तम वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें कई कांग्रेसियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गी की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। यह आयोजन पूर्व विधायक और हाल ही में भाजपा में शामिल हुए अंतर सिंह दरबार ने आयोजित किया गया था।

आयोजन में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और अक्षय बम कांति सहित प्रदेश के अनेकों नेता मौजूद थे। कार्यक्रम में कैलाश विजयवर्गीय ने कहा की हमे इस बार 400 पार लाना है। इसके साथ ही महू धार लोकसभा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर को डेढ़ लाख से अधिक मतों से जीताना है।

मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जब मैं पहली बार महू चुनाव लडऩे आया था, तो मुझे युवा चढ़ाते थे। बोलते थे बोलो सांचे दरबार की जय इसके साथ ही विजयवर्गीय ने कहा यह बात में स्वीकार करता हूं अगर में महू से उम्मीदवार नहीं होता तो दरबार को कोई नहीं हरा सकता था।

# 'मैं उमंग सिंघार हूं, सिंधिया नहीं', नेता प्रतिपक्ष ने किस बात को लेकर ज्योतिरादित्य पर साधा निशाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जाने की अटकलों को बुधवार को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा- मैं ज्योतिरादित्य सिंधिया नहीं हूं। सिंघार ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, 'दिल्ली से लेकर भोपाल तक के भाजपा नेता मुझसे पिछले कई साल से (दल-बदल के लिए) संपर्क कर रहे हैं। जब कमलनाथ सरकार जा रही थी, तब भी मुझे सब तरह के प्रलोभन दिए गए थे। मैं तब भी भाजपा में नहीं गया क्योंकि मैं उमंग सिंघार हूं... सिंधिया नहीं हूं।'**



इस टिप्पणी के जरिए उन्होंने सिंधिया पर निशाना साधा, जिनकी सरपरस्ती में कांग्रेस के 22 बागी विधायक विधानसभा से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे, और इस कारण तत्कालीन कमलनाथ सरकार का 20 मार्च 2020 को पतन हो गया था। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा 23 मार्च 2020 को सूबे की सत्ता में लौट आई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों में बुनियादी मुद्दों से मतदाताओं का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा जानबूझकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के दल-बदल की अटकलों को हवा दे रही है।

सिंघार ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग से विपक्षी नेताओं पर दबाव बनाने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, 'अगर कांग्रेस पिछले 70 साल में इस तरह की राजनीति करती, तो भाजपा आज दिखाई नहीं देती।' विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता ने श्योपुर जिले की विजयपुर सीट से छह बार के विधायक रामनिवास रावत के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि रावत ने मंत्री पद के लालच में भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा, 'ऐसे सत्ताभोगी लोगों के कांग्रेस से जाने से कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता।'

उधर इंदौर में नामांकन वापस लेने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय बम पर निशाना साधते हुए सिंघार ने कहा कि वह 'फुस्सी बम' (वह खराब पटाखा जो फटता नहीं है) निकले। उन्होंने कहा, 'चाहे सूरत हो या इंदौर, कानून और संविधान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। भाजपा देश का संविधान बदलने का प्रयास कर रही है।'

इंदौर के कांग्रेसी उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए 29 अप्रैल को नामांकन वापसी के आखिरी दिन अपना पर्चा वापस ले लिया था और भाजपा में शामिल हो गए थे।

## देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर का 60 वां स्थापना मनाया गया

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की हुई शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की मूर्ति पर माल्यार्पण कर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर का 60वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि तथा कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने कहा कि, देवी अहिल्या विश्विद्यालय जिनके नाम से जाना जाता है, वह हमारी माता तुल्य हैं। विश्वविद्यालय की वर्तमान कुलपति प्रो. रेणु जैन जी हमारी बड़ी बहन समान हैं, निश्चित रूप उनकी देखरेख में यह विश्वविद्यालय एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। आयुक्त, इन्दौर द्वारा दिये गये लक्ष्य ए++ ग्रेड को हासिल करने के लिए अपनी कुशल कार्यशैली से कुलपति प्रो. रेणु जैन अपने कार्यकाल में ही लक्ष्य को हासिल कर लेंगी। बतौर कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी ने कहा कि, हम लोगों ने पूरा होमवर्क कर लिया है। इनोवेशन, एक्सटेंशन और रिसर्च के मामले में हम लोग पिछड़े हुए हैं। विदित है कि, वर्तमान में नैक द्वारा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को ए+ ग्रेड से प्रत्यायित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सिंह, आयुक्त, इन्दौर तथा सारस्वत अतिथि महामण्डलेश्वर दाद महाराज राष्ट्रसंत थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रेणु जैन ने किया। आभार कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा जी ने व्यक्त किया।

## बारिश से पहले जल जमाव वाले क्षेत्रों में अभी से सुधार लो व्यवस्था

### निगम कमिश्नर ने झोनल अधिकारियों को दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के आयुक्त शिवम वर्मा ने निगम के सभी झोनल कार्यालय के झोनल अधिकारी को भी अब सुबह के समय दौरा करने के निर्देश दिए हैं । इसके साथ ही वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए जल जमाव वाले क्षेत्र में अभी से व्यवस्था को सुधारने के लिए कहा है ।**

वर्मा द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान शहर में जलप्रदाय कार्य के संबंध में झोनवार जानकारी लेते हुए, पेयजल टंकी के भरने व जलवितरण के संबंध में समीक्षा की गई। साथ ही वषार्काल के दौरान जल जमाव के चिंहित क्षेत्रो की लाईन को क्लीयर करने, स्टॉम वॉटर लाईन की एंड टू एंड सफाई कराने व चेम्बर खोलकर उसे देखने के संबंध में संबंधितो को निर्देशित किया गया। वषार्काल के पूर्व शहर में स्थित तालाब व जल संग्रहण स्थानो की चैनल सफाई के संबंध में समीक्षा करते हुए केचमेंट एरिये की सफाई करने के भी निर्देश दिये गये।

वर्मा द्वारा निगम के समस्त झोनल अधिकारी को प्रातःकाल अपने-अपने आवंटित झोन क्षेत्र में भ्रमण कर झोन क्षेत्र में स्थित जीटीएस प्लांट का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन के साथ संलग्न एनजीओ प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये। डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन के आवश्यक संधारण कार्य, रंगाई-पुताई कार्य व धुलाई कार्य, जीटीएस में संलग्न कैप्सुल वाहनो की सफाई के भी निर्देश दिये । बेकलाईन सफाई के पश्चात निकलने वाली गाद को समय सीमा में उठाने के निर्देश दिये गये।

## रमेश मेंदोला ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान भारत के फॉर्म भरवाए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधायक रमेश मेंदोला ने बुधवार को क्षेत्र 2 के नंदा नगर में घर-घर में दस्तक दी। उन्होंने बूथ क्रमांक 256 के घर-घर जाकर आयुष्मान लाभ विस्तार अभियान के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान भारत के फॉर्म अपने हाथों से भरवाए।

## सूर्योदय योजना को फ्लॉप करने में जुटी कंपनिया, शुरू हुई पैनलों की कालाबाजारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चुनावी आचार संहिता के दौरान केंद्र सरकार की सूर्योदय योजना को कुछ सोलर कंपनियां फ्लॉप करने में जुट गई है। सोलर पैनलों की कमी का हवाला देकर उनके दाम प्रति वाट दो से तीन रुपये बढ़ा दिए गए है,जबकि पैनलों की कमी नहीं है। शहर में उसकी कालाबाजारी शुरू हो गई है। इससे आवासीय लगने वाली सोलर यूनिय में आठ से दस हजार रुपये तक का इजाफा हुआ है।**



देश में सोलर प्लांट लगाने के लिए लोग प्रेरित हो,इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को सूर्योदय योजना लांच की थी। देश के एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने पर 18 हजार रुपये से लेकर 78 हजार रुपये की सबसिडी इस योजना के तहत दी जा रही है।

सबसिडी के लिए जो कंपनियां अधिकृत है,उन्होंने पैनलों की कालाबाजारी शुरू कर दी है। इंदौर में 70 से ज्यादा वेंडरों सोलर यूनिट लगाने का काम करते है,लेकिन अभी उन्हें जो आर्डर मिले है, उसे पूरा नहीं कर पा रहे है। सोलर कारोबार से जुड़े हिमांशु जामले ने बताया कि सबसिडी वाली पैनलों की मार्केट में कालाबाजारी शुरू हो गई है। जो पैनल 20 से 22 रुपये प्रति वॉट पहले मिलती थी। उसे अब 24 रुपये तक में कंपनियां दे रही है।

इस कारण उपभोक्ता को पहले से ज्यादा राशि चुकाना पड़ रही है। इसके चलते कई आर्डर कैंसल हो चुके है, जबकि पैनलों का कोई संकट नहीं है। मार्केट में योजना के कारण डिमांड बढ़ने के बाद कंपनियों ने लामबंद होकर कालाबाजारी शुरू कर दी है। इंदौर में अभी 40 हजार से ज्यादा घरों में सोलर पैनलों से बिजली पैदा हो रही है। नगर निगम ने भी इसके लिए अभियान चलाया है, हालांकि पैनलों के संकट के कारण वेंडरों ने भी कदम पीछे हटा लिए है।

# उज्जैन के आश्रम में पंडिताई सीख रहे नाबालिगों ने की अनैतिक कृत्य की शिकायत, दो आचार्यों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। संभाग भर के कई स्थानों से नाबालिग बच्चे दंडी आश्रम में आए तो कर्मकांड और वेद पाठ सीखने थे, लेकिन यहां के कुछ कथित आचार्यों ने उन्हें पंडिताई सिखाने की बजाय उनका यौन शोषण कर दिया। तीन नाबालिग बच्चों द्वारा दिए गए आवेदन के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आचार्यों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी। एक आचार्य गिरफ्त में आ चुका है जबकि एक की तलाश जा रही है।**

बता दें कि बड़नगर रोड स्थित दांडी आश्रम में पंडिताई की शिक्षा ग्रहण करने वाले तीन नाबालिग किशोरों के साथ यौन शोषण और अनैतिक कृत्य का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आश्रम के ही दो आचार्य ने इन किशोरों के साथ यौन शोषण और अनैतिक कृत्य किया। मामले में महाकाल थाना पुलिस ने एक आरोपी आचार्य को हिरासत में ले लिया है, जबकि दूसरा आरोपी आचार्य फरार है। महाकाल थान प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि बड़नगर रोड स्थित दांडी आश्रम में पंडिताई की शिक्षा ग्रहण करने वाले देवास, मंदसौर और राजगढ़ जिले के तीन नाबालिग किशोर ने आश्रम के अजय आचार्य और राहुल आचार्य के खिलाफ यौन शोषण और अनैतिक कृत्य की शिकायत दर्ज कराई है। राजगढ़ जिले के 14 वर्षीय किशोर की शिकायत पर पुलिस ने आश्रम के अजय आचार्य के खिलाफ लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 7, 8, 9पी और 10 के तहत प्रकरण दर्ज किया। वहीं देवास जिले के 12 वर्षीय नाबालिग किशोर की शिकायत पर अजय आचार्य के खिलाफ लैंगिक अधिनियम की धारा 11 एवं 12 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसके अलावा मंदसौर जिले के 14 वर्षीय नाबालिग की शिकायत पर आश्रम के राहुल आचार्य के खिलाफ धारा 377, 506 और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 3, 4(2), 58, 6 के तहत प्रकरण दर्ज कर किया गया है। पुलिस ने राहुल आचार्य को हिरासत में ले लिया है, जबकि नाबालिग किशोरों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद अजय आचार्य को 15 दिन पहले आश्रम से भगा दिया गया, जो अब फरार है। आश्रम मे अध्ययनरत राजगढ़, मंदसौर और देवास जिले के नाबालिग किशोरों ने पुलिस को बताया कि पिछले कई दिनों से आश्रम के अजय आचार्य और राहुल आचार्य उनका यौन शोषण कर रहे थे। दोनों आचार्य नाबालिगों को अपने कमरे में अकेले बुलाकर उनके साथ यौन संबंध बनाने के लिए दबाव बनाकर गलत काम करते थे।




तीनों पीड़ित नाबालिग किशोरों ने पुलिस को यह भी बताया कि आश्रम के कई नाबालिग किशोरों के साथ अजय आचार्य और राहुल आचार्य ने यौन शोषण किया है।

### पीड़ित बच्चों की संख्या पहुंची 19 तक

सोर्स बताते हैं कि दांडी स्वामी आश्रम में संचालित होने वाले गुरुकुल में 19 बच्चों के साथ दुष्कर्म हुआ। बच्चों ने राहुल व अजय के खिलाफ थाने में दर्ज कराई एफआईआर में उल्लेख है कि राहुल खाना लेकर बच्चों को अपने कमरे में बुलाता था। जबकि अजय ने एक बच्चे को कमरे में बुलाने के बाद कहा कि मैं तुझसे शादी करूंगा। पीड़ित बच्चों ने अपने परिजनों को इसकी शिकायत की और परिजन जब आश्रम पहुंचे व संचालक को उक्त हरकतों की जानकारी देकर विरोध किया तो मामला सामने आया।

### दुष्कर्म पीड़िता को शॉल ओढ़ाकर हुआ था फेमस

पिछले वर्ष सतना की किशोरी के साथ आटो चालक द्वारा किये गये दुष्कर्म के मामले में आचार्य राहुल मीडिया में फेमस हुआ था। सबसे पहले उसी ने मीडिया मे आकर बयान दिया था कि बच्ची के कपड़े फटे थे और उसे बुरी हालत में देखने के बाद मैंने अपना शॉल उसे औढ़ाया था व पुलिस को सूचना दी थी। राहुल मोहनपुरा का रहने वाला है और विवाहित है। पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है, जिनमें पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में आचार्य राहुल व अजय आरोपी हैं। राहुल पुलिस गिरफ्त में हैं व अजय की तलाश पुलिस कर रही है।

### गुरुकुल में ही पढ़ा और वहीं आचार्य भी बन गया राहुल

दांडी आश्रम के संचालक गजानंद स्वामी ने बताया कि राहुल इसी गुरुकुल में पढ़ता था। पढ़ाई पूरी होने के बाद वह यहीं पर आचार्य बना। आचार्य की नियुक्ति गुरुकुल व आश्रम द्वारा ही की जाती है। अजय कर्मचारी के रूप में काम करता था। गुरुकुल में अन्य शिक्षक भी बच्चों को पढ़ाने आते हैं। गुरुकुल में प्रदेश भर के 80 बच्चे अध्ययनरत हैं। एक विद्यार्थी के साथ अजय ने अश्लील हरकत की थी, जिसने अपने परिजनों को बताया था। परिजनों ने गजानंद स्वामी को अजय की हरकत से अवगत कराया तो उसे गुरुकुल की नौकरी से हटा दिया था। अजय आष्टा का रहने वाला है। फिर गुरुकुल के दूसरे बच्चों ने आचार्य राहुल द्वारा अश्लील हरकत की शिकायत की। दोनों पक्षों को आश्रम बुलाकर चर्चा कर रहे थे, उसी दौरान विवाद बढ़ा तो संचालक ने महाकाल थाना पुलिस को सूचना देकर आश्रम बुलाया ।

# 'सनातनियों का जनाजा नहीं अर्थी निकलती है'

## अमित शाह के जनाजे वाले बयान पर दिग्विजय सिंह का तंज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़। मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटो में से सबसे चर्चित राजगढ़ लोकसभा सीट बीते दिनो केंद्रीय मंत्री अमित शाह के जनाजे वाले बयान के बाद से और अधिक हॉट मानी जा रही है। क्योंकि एक तरफ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अकेले ही स्टार प्रचारक की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में देश व प्रदेश स्तर के नेता चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं।**

आपको बता दें, राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने आए देश व प्रदेश स्तर के नेताओं ने राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकराने को लेकर दिग्विजय सिंह को जमकर घेरा है और भाजपा के बड़े नेताओं ने कभी उन्हें आतंकवादियों को गले लगाने वाला और रामद्रोही जैसे शब्द से भी संबोधित किया है, जिनके जवाब में दिग्विजय सिंह पूर्व में ही चुनाव आयोग व कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करा चुके हैं। वहीं, बीते दिनों खिलचीपुर में भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए आए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने तो उन्हें भारी मतों से हराकर उनका जनाजा धूमधाम से निकालने की बात तक कह डाली। अमित शाह का यह बयान राष्ट्रीय स्तर तक की सुर्खियां बना और विपक्ष की ओर से भी पलटवार का सिलसिला जारी है। अमित शाह के बयान के अगले दिन दिग्विजय सिंह ने जनसंपर्क के दौरान अमित शाह के बयान का पलटवार करते हुए कहा था कि उन्होंने 15 मिनट के भाषण में 17 बार मेरा नाम लिया है, वो मुझसे इतने प्रभावित हैं कि उन्हें सपने में भी दिग्विजय सिंह नजर आता है। वहीं, बीते दिनों राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के चाचौड़ा में दिग्विजय सिंह के समर्थन में नुक्कड़ सभा को संबोधित करने आए पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम भी अमित शाह पर जमकर बरसे और कड़े शब्दों में अमित शाह के बयान की निन्दा की। वहीं, हाल ही में दिग्विजय सिंह ने वापस अमित शाह के उक्त बयान पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से पलटवार करते हुए लिखा कि, अमित शाहजी आप सनातन की बात करते हैं, और आप को ये नहीं मालूम कि सनातनियों की अर्थी निकलती है जनजा नहीं!

# अवैध हथियारों के जखीरे संग पुलिस के हत्थे चढ़ा बदमाश, खंडवा में किसे होनी थी सप्लाई, पुलिस करेगी जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** मध्यप्रदेश की खरगोन पुलिस को अवैध हथियारों का जखीरा पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। यही नहीं, पुलिस ने इन हथियारों को खरीदने वाले एक शातिर अपराधी को भी धर दबोचा है। हालांकि, इस दौरान हथियार बनाने वाला आरोपी झाड़ियों के बीच से फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से 37 अवैध हथियारों को बरामद किया है। साथ ही इन्हें बनाने वाले फरार आरोपी के घर से भी बड़ी मात्रा में हथियार बनाने का सामान पुलिस ने जब्त किया है। वहीं, पुलिस अब इतनी बड़ी मात्रा में हथियार खरीदने और इन्हें किसे सप्लाई किया जाना था। इस सब की जांच कर रही है। बता दें कि इस जांच में खरगोन पुलिस के साथ खंडवा पुलिस भी शामिल हो सकती है। क्योंकि पकड़ा गया आरोपी खंडवा का शातिर बदमाश रहा है, जिस पर अलग-अलग थानों में कुल 13 अपराध दर्ज हैं। खरगोन जिले की मिष्ठान थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंगलवार तड़के करीब 5 से 6 बजे के आसपास इंद्रावती नदी के पुल पर ग्राम गारी रोड पर अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त होने वाली है। इस पर कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तरुणेन्द्र सिंह बघेल एवं अनुभाग अधिकारी भीकनगांव राकेश आर्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिष्टान अनिल बामनिया एवं चौकी प्रभारी अहीर खेड़ा थाना गोगावा के उप निरीक्षक धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। यह टीम इंद्रावती नदी के पुल पर ग्राम गारी रोड पर झाड़ियों की आड़ लेकर छुपकर आने जाने वाले लोगों पर निगाह रखने लगी।



इस दौरान एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जो अपनी मोटरसाइकिल पुल के किनारे रोककर इंतजार कर रहा था, जिसके कुछ देर बाद एक और व्यक्ति हाथ में झोला लिए ग्राम गारी की तरफ से वहां खड़े व्यक्ति के पास आया।

पुलिस टीम के अनुसार, दोनों व्यक्तियों की बातचीत के दौरान पुलिस टीम के द्वारा दोनों को घेराबंदी कर पकड़ने की कोशिश की गई, जिसमें पुलिस एक व्यक्ति को तो पकड़ लिया गया, लेकिन दूसरा व्यक्ति झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग निकला। पकड़ में आए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम विश्वास पिता दिलीप सोनी, निवासी 45 वर्ष, मोहल्ला पड़ावा, थाना मोघट रोड़, जिला खंडवा का होना बताया। वहीं, मौके से भागे गए व्यक्ति का नाम प्यार सिंह सिकलीगर निवासी ग्राम गारी का होना बताया। वहीं, विश्वास के पास रखे झोले की तलाशी लेने पर उसमें से 14 देसी कट्टे सहित 23 देसी पिस्टल मिले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। तो वहीं आरोपी विश्वास की पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तारी के बाद ग्राम गारी में फरार आरोपी प्यार सिंह सिकलीगर के घर खोजबीन की गई, जिसमें उसके घर के पीछे बनी झोपड़ी से फायर आर्म्स बनाने की सामग्री व संसाधन मिले हैं, जिसे भी पुलिस टीम के द्वारा जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल 37 अवैद्ध फायर आर्म्स जिनकी कीमत लगभग 600000 एवं मोटर साइकिल जिसकी कीमत लगभग 65,000 रुपये है, को पुलिस टीम के द्वारा जब्त किया गया है।

### आरोपी पर दर्ज हैं अलग-अलग थानों में 13 अपराध

गिरफ्तार किए गए आरोपी विश्वास पिता दिलीप सोनी निवासी पड़ावा, जिला खंडवा का जब आपराधिक रिकॉर्ड निकाला गया तो जिला पुलिस भी चौंक गई। क्योंकि उस पर अब तक अलग-अलग थानों में कुल 13 अपराध दर्ज होना निकले हैं, जिनमें से खंडवा के मोघट रोड थाने में कुल 6 अपराध दर्ज हैं, तो वहीं शहर के कोतवाली थाना में एक, बड़वाह थाना में दो, राजेंद्र नगर इंदौर थाना में दो, छिपाबड़ जिला हरदा थाना में एक सहित होशंगाबाद के कोतवाली थाना में एक अपराध दर्ज होना पाया गया है। इस तरह से गिरफ्तार किया गया आरोपी विश्वास सोनी आदतन अपराधी होकर गंभीर अपराधों में अलग-अलग थाना क्षेत्र में लिप्त रहा है।

## संपादकीय


### संबंध प्रभावित होने की आशंका

*जब भी भारत की ओर से कनाडा पर खालिस्तानी अलगाववादियों को लेकर नरम रुख अपनाने या संरक्षण देने के आरोप लगाए जाते हैं, तो वहां की सरकार इससे इनकार करती है। मगर अक्सर ऐसे उदाहरण सामने आते रहते हैं, जिनसे साफ है कि कनाडा में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर खालिस्तान समर्थकों पर लगाम लगाने की कोशिश नहीं होती। बल्कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उन्हें संरक्षण दिया जाता है। बीते रविवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए और वे उस पर मुस्कुराते रहे। गौरतलब है कि टोरंटो में मनाए गए 'खालसा दिवस' और 'सिखों के नव वर्ष' के कार्यक्रम में ऐसी नारेबाजी तब हुई जब ट्रूडो सिख समुदाय को संबोधित करने के लिए आगे बढ़े। उस कार्यक्रम में ट्रूडो ने सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा की कसम खाई। अपने देश में किसी व्यक्ति या समूह के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करना अच्छी बात है, पर सवाल है कि जिस व्यक्ति या समूह के लिए यह बात की जा रही है, उसकी मंशा और राजनीति क्या है। एक देश का नेतृत्व करते हुए क्या ट्रूडो इस बात को समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि खालिस्तानी अलगाववाद की समस्या भारत को किस तरह प्रभावित करती है? एक समुदाय के रूप में सिखों का योगदान भारत के लिए बेहद अहम रहा है और एक आम सिख भारत से प्यार ही करता है। ऐसे में चंद अलगाववादी तत्त्वों को प्रश्रय देकर ट्रूडो क्या दर्शाना चाहते हैं? स्वाभाविक ही ताजा मामले को लेकर भारत ने कनाडा के उप-उच्चायुक्त को तलब कर सख्त विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक बार फिर उस राजनीतिक स्थान को दर्शाता है, जो कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को दिया गया है। ट्रूडो शायद इस बात से भी बेफिक्र दिखते हैं कि भारत के खिलाफ अलगाववाद पर उनकी नरमी दोनों देशों के संबंधों को किस स्तर पर प्रभावित कर सकती है।*

**अर्ज किया है..!**

**मंज़र से ला-मंज़र तक**
**आँखें ख़ाली ख़ाली हैं**

-ज़फ़र ताबिश




### ओशो कहिन

**अगर आप बिना प्यार के काम करते हैं, तो आप गुलाम की तरह काम कर रहे हैं. जब आप प्यार से काम करते हैं, तो आप एक सम्राट की तरह काम करते हैं.**

धर्म-कर्म

# घर में मकड़ी का जाला होना शुभ या अशुभ, जानें क्या कहता है वास्तु?



वास्तु के अनुसार,घर की पॉजिटिविटी बढ़ाने के लिए साफ-सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए। लेकिन अक्सर घर की अच्छे से क्लीनिंग करने के बावजूद छत और कोनों पर लगे जले को नजरअंदाज कर देते हैं। जिससे घर में वास्तुदोष उत्पन्न हो सकता है। कहा जाता है कि घर में मकड़ी का जाला ज्यादा लगने से परिवार के सदस्यों को लाइफ में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। घर में हमेशा धन की तंगी रह सकती है। कार्यों में बाधाए आ सकती हैं। परिजनों के स्वभाव में आलस्य, चिड़चिड़ापन और नेगेटिविटी बढ़ सकती है। आइए विस्तार से जानते हैं घर में मकड़ी का जाला लगे रहने से क्या प्रभाव पड़ता है?

**वास्तु के नियम :**

1. वास्तु के अनुसार, बेडरूम में मकड़ी का जाला लगने से मानसिक तनाव बढ़ता है। पति-पत्नी के बीच हमेशा अनबन की स्थिति बनी रहती है और वैवाहिक जीवन में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।
2. वास्तु के मुताबिक, लंबे समय तक घर के कोनों पर मकड़ी का जाला लगने से परिवार के सदस्यों को धन से जुड़ी दिक्कतें बनी रहती है और धीरे-धीरे धन हानि होने लगता है।
3. घर के मंदिर में भी मकड़ी का जाला कभी न लगने दें। भगवान की तस्वीरों की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। मान्यता है कि मंदिर में जाला लगना व्यक्ति के दुर्भाग्य का कारण बन सकता है।
4. किचन में मकड़ी का जाला लगना भी अशुभ होता है। मान्यता है कि इससे परिवार के सदस्यों को हमेशा किसी न किसी से बीमारी का सामना करना पड़ता है। इसलिए किचन में गैस और सिंक के नीचे लगे जाले को समय-समय पर साफ करते रहें।

**मकड़ी का जाला बढ़ाता है वास्तु दोष**

मान्यता है कि घर में मकड़ी का जाला लगने से वास्तु दोष उत्पन्न होता है। जिसके कारण पारिवारिक जीवन में अक्सर तनाव की स्थिति बन सकती है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। घर-परिवार में अशांति का माहौल रहता है। इससे जीवन में सुख-समृद्धि की कभी आती है। इसलिए घर में कोनों पर मकड़ी का जाला दिखने पर इसे तुरंत हटा दें।

New Delhi

# कोविशील्ड विवाद के बाद वैक्सीन सर्टिफिकेट से हटाई गई PM मोदी की तस्वीर? स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 वैक्सीन के सर्टिफिकेट में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने कोविन सर्टिफिकेट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर हटा दी है। इससे पहले उनकी तस्वीर को प्रमुखता से जगह दी गई थी और लिखा गया था- 'साथ मिलकर, भारत कोरोना को हरा देगा।' एक तरह से सरकार ने टीकाकरण के श्रेय पीएम मोदी को दिया था। कुछ लोगों का दावा है कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा यूके की अदालत में इसके साइड इफेक्ट्स की बात कबूल करने के बाद यह कदम उठाया गया है।

कोविशील्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के तौर पर थ्रोम्बोसिस के साथ थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) की चर्चा के बाद लोग कोविन ऐप पर अपने टीकाकरण का स्टेटस चेक कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें वहां पीएम मोदी की तस्वीर देखने को नहीं मिली। अंग्रेजी अखबार 'द हिंदू' ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।




माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर लोग इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। एक्स संदीप मनुधाने ने कहा, 'मोदी जी अब कोविड वैक्सीन सर्टिफिकेट पर नजर नहीं आएंगे। बस जांचने के लिए डाउनलोड किया है। उनकी तस्वीर चली गई है।' इरफान अली ने खुद को कांग्रेस का पदाधिकारी बताते हुए लिखा, "हां, मैंने अभी चेक किया और पीएम मोदी की तस्वीर गायब हो गई है। उनकी तस्वीर के बजाय केवल क्यूआर कोड है।"

Bihar

## सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत, लोगों ने ट्रक में लगाई आग



**पटना, (एजेंसी)** पटना में एनएच 27 के पास बहादुरगंज मोड़ में ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोग और परिजनों ने ट्रक में आग लगा दी. लोगों ने जमकर हंगामा भी किया. बताया जा रहा है कि स्थानीय कजलामनी की रहने वाली शिरमुनी टूडडू अपनी बेटी के घर जा रही थी.

इस दौरान बहादुरगंज मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आ जाने घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई. ट्रक चालक की लापरवाही से महिला की जान चली गई. घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया और ट्रक में आग लग दी. घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष संदीप कुमार मौके पर पहुंचे. इसके बाद पुलिसकर्मी बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए. साथ ही लोगों को समझ बुझाकर पुलिस की टीम ने जाम खुलवाया. उधर, ट्रक में आग लगाए जाने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम भी तुरंत मौके पर पहुंच गई थी. थोड़ी ही देर में ट्रक में लगी आग को बुझा दिया गया. परिजनों का आरोप था कि ट्रक चालक की लापरवाही से महिला की जान चली गई. घटना के बाद मृतका महिला के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया. सड़क पर ही महिला की लाश से लिपटकर परिजन रो रहे थे. टाउन थाना की पुलिस ने किसी तरह लोगों के आक्रोश को शांत कराया. पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया है. स्थानीय वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शफी आलम ने

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़: सुकमा में एक लाख इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण, कई संगीन वारदातों में थी शामिल

**सुकमा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के सुकमा में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. एक लाख की ईनामी महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया. महिला नक्सली सुकमा क्षेत्र में सक्रिय थी और उस पर राज्य ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था. महिला माओवादी थाना चिंतागुफा क्षेत्र की निवासी है. बताया जा रहा है कि बस्तर के कई इलाकों में सुरक्षा कैंप लगाए गए हैं. इस अभियान से प्रभावित होकर माओवादी हथियार डाल हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं. इस महिला माओवादी को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित करने में विशेष आसूचना शाखा सुकमा का विशेष योगदान रहा. इस पर जिला पुलिस अधीक्षक पी.नितेश ने बताया है कि आत्मसमर्पण करने वाली महिला नक्सली छत्तीसगढ़ के दांतेवाड़ा जिले के कटकल्याण थाना अंतर्गत पितादाब गांव की रहने वाली है. वह साल 2016 में मलकानगिरी जिला सीपीआई माओवादी संगठन में शामिल हुई थी. इस संगठन के बंद होने पर वह दंडाकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में शामिल हो गई थी और विभिन्न नक्सली वारदातों में शामिल रही.

Uttarpradesh

## मंगेतर से बात करते युवती ने फंदे से लटककर दी जान, अगले महीने होनी थी शादी

**गोंडा, (एजेंसी)** यूपी के गोंडा जिले में नगर पंचायत धानेपुर के पूरबगली की युवती ने बुधवार को दोपहर के समय फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि अगले महीने युवती की शादी होने वाली थी। धानेपुर कस्बे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड नंबर 6 के पूरबगली मोहल्ला की रहने वाली 22 वर्षीय अमीना खातून उर्फ गुड़िया ने बुधवार को दोपहर में दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे में बिजली केबल के जरिए छत की कुंडी के सहारे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घरवाले जब ऊपर कमरे में गये तो दरवाजा अंदर से बंद था। इस पर झरोखे से झांका तो अन्दर गुड़िया का शव फंदे से लटक रहा था। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर लटक रही युवती के शव उतार कर पोस्टमार्टम को भेजा।

गुड़िया का अगले महीने निकाह होना तय था। मृतका की मां शमीम बानो के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीरबनकट के रहने वाले एक युवक से रिश्ता तय हुआ था। मां ने बताया कि उसकी लड़की अपने मंगेतर से फोन पर बात किया करती थी। ऐसे में बुधवार को आखिर क्या बात दोनों के बीच हुई कि युवती ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी है। बताया जाता है कि युवती का मंगेतर रोजी रोटी के सिलसिले में दुबई में है। उसे निकाह के समय आना था। बुधवार को दोनों आपस में बात करते-करते युवती ने अचानक दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे में पहुंच गई।

खेल

# 'मेरा शरीर संकेत दे रहा', मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल



**मैड्रिड, (एजेंसी)** सबसे ज्यादा 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए। दरअसल, इस टूर्नामेंट और इस कोर्ट में वह आखिरी बार खेल रहे थे। पांच बार के मैड्रिड ओपन चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7-5, 6-4 से हराया।

हार के बाद नडाल ने कहा- यह मेरे लिए मुश्किलों भरा दिन है, लेकिन यही हकीकत है । मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी।

नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-7, 7-6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। वहीं, शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5-7, 6-3, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7-6, 6-4 से हराया।

महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को 4-6, 6-0, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की 18वीं वरीयता प्राप्त मेडिसन कीस से होगा। मेडिसन ने आठवीं वरीयता प्राप्त ओंस जबाउर को 0-6, 7-5, 6-1 से हराया।

### शीर्ष वरीयता प्राप्त बोपन्ना एबडेन की जोड़ी मैड्रिड मास्टर्स से बाहर

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पहले दौर में सेबेस्टियन कोरडा और जोर्डन थाम्पसन से अप्रत्याशित हार के बाद एटीपी मुटुआ मैड्रिड ओपन से बाहर हो गई। ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल चैम्पियन बोपन्ना और एबडेन को एक घंटे 17 मिनट तक चले मैच में अमेरिका और आस्ट्रेलिया की जोड़ी से 7-6, 7-5 से पराजय झेलनी पड़ी। पिछले साल बोपन्ना और एबडेन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था और 43 वर्ष के बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 चैम्पियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने। दोनों विम्बलडन पुरुष युगल सेमीफाइनल और अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे थे।

सिनेमा

## 'कपड़े बदल और...', शो के सेट पर प्रोड्यूसर ने किया लॉक, टीम ने दी धमकी, एक्ट्रेस ने सुनाई आपबीती



टीवी एक्ट्रेस कृष्णा मुखर्जी इन दिनों चर्चा में हैं. उन्होंने कुछ दिन पहले अपने शो के प्रोड्यूसर पर शोषण के इल्जाम लगाते हुए अपनी आपबीती सुनाई थी. कृष्णा ने बताया कि दंगल टीवी चैनल के शो 'शुभ शगुन' में अपने काम के दौरान उन्हें प्रोड्यूसर कुंदन सिंह के हाथों हैरेसमेंट झेलनी पड़ी. इतना ही नहीं, एक्ट्रेस को उनके 5 महीने के काम की फीस भी अभी तक नहीं दी गई है. अब इस बारे में उन्होंने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में खुलकर बात की है. सेट पर लॉक होने के बारे में कृष्णा मुखर्जी ने बात की है. उन्होंने बताया कि ऐसा उनके साथ दो बार हुआ था. इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा, 'मैंने कभी नहीं कहा कि उसने मुझे मेकअप रूम में लॉक किया था. ये प्रोडक्शन के लोगों का किया धरा है. वो मेरे बारे में खबरें बना रहा है क्योंकि उसके पास कुछ कहने को नहीं है. और अली ने भी गलती से कह दिया था कि मैं मड में शूटिंग कर रही थी. मैं गोरेगांव के फेमस स्टूडियो में शूट करती थी और ये सब वही हुआ था. मेरे पास बहुत से लोग हैं जो सामने आकर इस बारे में बात कर सकते हैं. मैंने इसे लेकर FIR भी दर्ज करवाई है. मुझे इसपर झूठ बोलने की जरूरत नहीं है.'

## Highlights

1. **Salman Khan Case Suspect Dies in Jail, Murder Claimed**
2. **India supports 'two-state' solution for Israel-Palestine conflict at UN**
3. **Not true: US Police on reports of Goldy Brar being shot dead in US**
4. **US cops deny reports of Goldy Brar being killed in California**
5. **Watch: ticketless woman clings to reserved seat creating ruckus**
6. **Maushumi Chakravarty named Director General of Akashvani News**

# When Satya Nadella and Bill Gates were 'very worried' about Google's AI progress: Email

**NEW DEIHI, (Agency).** Emails from 2019 revealed that Microsoft was deeply concerned over Google's progress in terms of artificial intelligence (AI). The correspondence was released as part of the Department of Justice's antitrust case against Google and it shows Microsoft's fears with respect to Google's AI decisions.

In the emails, Kevin Scott, Microsoft's chief technology officer, expressed how Google's AI investments must worry Satya Nadella and Bill Gates, particularly highlighting AI-supported "auto-complete in Gmail." Kevin Scott said that Microsoft lagged "multiple years behind the competition in terms of ML [machine learning] scale."

Some emails- which were subject-lined "Thoughts on OpenAI"- were also revealed although there was a significant redaction in them which hinted at potentially sensitive discussions.

In emails, Satya Nadella said that Microsoft must have a strong stance on AI,



adding, "This is why I want us to do this," while looping in Chief Financial Officer Amy Hood into the correspondence.

Kevin Scott wrote in the email, "The thing that's interesting about what Open AI and Deep Mind and Google Brain are doing is the scale of their ambition, and how that ambition is driving everything from datacenter design to compute silicon to networks and distributed systems architectures to numerical optimizers, compiler, programming frameworks, and the high level abstractions that model developers have at their disposal. When all these programs were doing was competing with one another to see which RL system could achieve the most impressive game-playing stunt, I has highly dismissive of their efforts. That was a mistake. When they took all of the infrastructure that they had built to build NLP models that we couldn't easily replicate, I started to take things more seriously. And as I dug in to try to understand where all of the capability gaps were between Google and us for model training, I got very, very worried."

# ICICI Bank denies CEO and MD Sandeep Bakhshi willing to quit: 'Baseless'

**NEW DEIHI, (Agency).** ICICI Bank denied reports of CEO and MD Sandeep Bakhshi willing to quit his position. Terming The Morning Context report as 'baseless', and a 'figment of imagination', ICICI Bank said, "We would like to categorically deny the information published in the article regarding ICICI Bank's MD allegedly expressing willingness to leave his position due to personal reasons."

The bank added, "This information is figment of imagination and therefore, completely brless and misleading. It appears that this rumour is being spread



with an ulterior motive and malicious intent in order to harm the Bank and its stakeholders."

The report claimed that Sandeep Bakhshi wanted to be relieved as MD and CEO due to personal emergency but the Reserve Bank of India (RBI) was against his departure.

This comes as ICICI Bank emerged as the fifth Indian company and the second bank to surpass ₹8-lakh-crore market capitalisation for the first time last week.

The bank's shares rallied over 4 per cent as it reported a net profit of ₹10,708 crore in Q4 FY24 which was up 20 per cent from Q4 FY23. ICICI Bank achieved a ROA of 2.4 per cent in FY24 and the net interest income (NII) rose 8 per cent to ₹19,093 crore in Q4 FY24, it said.

# लाखों रुपए नकदी और आभूषण ले गए चोर

## सीसीटीवी फुटेज के बाद जांच में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर इलाके के एक बिल्डींग में बदमाशों ने एक फ्लैट को निशाना बनाया। बदमाश यहां से 8.50 लाख नकदी ओर आभूषण लेकर फरार हो गए। हालाकि थाने की टीम को इस मामले में फुटेज मिले है। इसके आधार पर कुछ सदिंग्धो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।**

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक लतीश आर्य निवासी वृंदावन धाम त्रिवेणी कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। लतीश आर्य ने बताया कि वह पेशे से ब्रोकरशिप ओर प्रोटीन पावडर सेल्स का काम करते है। एक दिन पहले वह अपने फ्लैट नंबर 206 में ताला लगाकर पत्नी रंजना को लेकर पलासिया में मदरहुड अस्पताल में रिश्तेदार को देखने गए थे। यहां से रात करीब 11:45 बजे वह वापस आए। तो दरवाजा खुला था। कमरे के अंदर गए तो अलमारी से सामान अस्त व्यस्त था। इस दौरान चेक करने पर अलमारी में रखे 8.50 लाख नकदी ओर सोने के मंगलसूत्र,4 सोने की अंगूठी,1 सोने की चैन,1 कान की जोडी,1 सोने का ब्रेसलेट,1 सोने की शार्ट चैन,दो सोने के कंगन,चांदी के जेवर ओर कुछ अन्य सामान गायब था। लतीश ने बताया कि कुछ जेवर उनके पूर्वजो के थे। वही कुछ पत्नी के जेवर थे। रात में उन्होंने मामले की जानकारी थाने पर दी। दूसरे दिन पुलिसकर्मियों ने आसपास के फुटेज खंगाले। फिलहाल पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने की खुदकुशी, बनाया वीडियो, तीन महीने पहले हुई थी शादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ में मायके में रह रही 22 साल की महिला ने जहर पीकर सुसाइड कर लिया। मौत के पहले उसने वीडियो बनाकर पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने उसे भी जांच में लिया है। भाई ने भी जीजा पर आरोप भी लगाए हैं। शादी को तीन महीने ही हुए थे। दोनों की यह दूसरी शादी थी।

पुलिस के मुताबिक पिंकी राठौर (22) पति आत्माराम की प्रताडऩा से तंग आकर जहर पी लिया। उसे उपचार के लिए पहले निजी अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसे एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया। मौत से पहले अस्पताल में परिजनों ने उसका एक वीडियो बनाया। वीडियो में उसने कहा कि मैं अपने पति की वजह से मर रही हूं। यह सबसे बड़ा कारण है। मेरे हस्बेंड ने मुझे बुरी तरह मारा-पीटा था इसलिए में जान दे रही हूं। मां ने उसको देखकर पिता और बेटे को सूचना दी। उसे अस्पताल लेकर आए, इलाज के दौरान मौत हो गई। पिंकी के परिवार ने आरोप लगाया कि बुधवार को उपचार के बाद पिंकी की दोपहर में मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने आत्माराम और परिवार को जानकारी दी लेकिन वह अस्पताल नहीं आए, न ही किसी तरह की खैर खबर ली। भाई विष्णु ने बातचीत में बताया 15 दिन पहले पति आत्माराम ने विवाद के चलते पिंकी से मारपीट की थी। इसके कारण मेरे पिता बहन पिंकी को घर लेकर आ गए। यहां पर काफी दिनों से आत्माराम को समझौते के लिए बुलाने का प्रयास कर रहे थे। बुधवार को भी आने की बात हुई थी लेकिन आत्माराम एक बार भी नहीं आया।

## 10 साल का बच्चा हाईटेंशन लाइन से झुलसा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना में 10 साल के बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि ईद के दिन वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया था। उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। लेकिन यहां सुविधा नही होने की बात करते हुए एमवाय भेज दिया। बुधवार रात 1 बजे बच्चे की मौत हो गई। खजराना पुलिस के मुताबिक अरहान(10)पिता अफजल खान निवासी इलियास कॉलोनी की बुधवा रात अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक 11 अप्रैल की शाम अरहान को यहां करंट लग गया था। उसे उपचार के लिये अलग अलग अस्पताल में ले जाया गया। आखिर में उसे एमवाय लाकर एडमिट किया गया। अरहान शाम को तीसरी मंजिल छत पर गया तब छत पर पानी गिरा हुआ था। उसके हाथ में लकड़ी थी। जो हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। इस दौरान जोरदार धमका हुआ। जिसमें अरहान बुरी तरह से जल गया। अरहान के पिता जिम ट्रेनर है उसका एक छोटा भाई भी है जो ठीक से चलने फिरने के साथ बोल नही पाता। अरहान के बाकि के बाकि सदस्य भी इसी बिल्ड़ीग में रहते है। सूचना के बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## सड़क हादसे में एक की मौत

### कार ने ट्रैक्टर को मारी थी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर के सागौर थाना में आने वाले स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार को एक कार ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर की चालक की मौत हो गई। कार की टक्कर से ट्रैक्टर डिवाइडर पर चढ़ गया। पुलिस ने बताया कि आज करीब 11 बजे ट्रैक्टर-ट्राली जो निर्माण कार्य का सामान लेकर जा रहा था, कार ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। हादसे में ट्रेक्टर के अगले पहिए टूट गए। ट्रैक्टर चालक राकेश पिता नूरा डाबर निवासी कालीदेवी झाबूआ को सर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौत हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया। बाद में सागौर पुलिस ने मृतक राकेश के शव को पीथमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया, जहां मृतक के परिजनों के आने के बाद उसका पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

## युवक ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिय़ा क्षेत्र में एक युवक ने गमी के कार्यक्रम में जाने का कहकर फांसी लगा ली। मृतक का नाम मोहन सिंह चौहान (45) निवासी सिंगापुर टाउनशिप है। पुलिस को परिजन ने बताया कि मंगलवार सुबह वे गमी में खंडवा जाने का बोलकर घर निकले। इसके बाद मालवीय नगर स्थित दूसरे घर पहुंच गए। शाम को पड़ोसियों ने सूचना दी कि तुम्हारे पिता सुबह से यहां आए हैं, लेकिन अब तक बाहर नहीं निकले। दरवाजा तोडक़र देखा तो वे फंदे पर लटके थे। सुसाइड का कारण पता नहीं चला है। मोहन अपने बेटों के साथ टाइल्स का काम करते थे।

## कार के डेशबोर्ड पर रखी थी एमडी ड्रग्स

**इंदौर।** कनाडिय़ा पुलिस ने चैकिंग के लिए कार रोकी तो डेशबोर्ड पर एमडी ड्रग रखी मिली। पुलिस ने देवास के दो आरोपियों को गिर तार किया है। कनाडिय़ा टीआई केपी यादव ने बताया की बिचौली हप्सी ब्रिज के पास चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक कार चालक तेजी से गाड़ी निकालने लगा। शक होने पर हवलदार नीरज गुर्जर और जितेंद्र सेन ने कार को रोक लिया। चालक से कांच खोलने को कहा तो वो आनाकानी करने लगा। थानेदार सुरेंद्रसंहि ने किसी तरह कांच खुलवाया तो कार के डेशबोर्ड पर एमडी ड्रग्स रखी थी। कार चालक साहिल नौशाद अंसारी और उशके साथी जुनैद पिता जाहिद शेख दोनों निवासी बीएनपी रोड देवास को पुलिस ने गिर त में लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी किीस को डिलेवरी देने आए थे, लेकिन इससे पहले ही पकड़ा गए। फिलहाल इनसे पूछताछ की जा रही है।

## पुलिस की टीम ने मॉकड्रिल की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।**

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) श्री हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) श्री प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा लक्ष्मीबाई अनाज मंडी के पास स्थित मॉल में किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई।

इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक खालिद मुश्ताक के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस टीम द्वारा डी मार्ट के सुरक्षा स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/ लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर, किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा ऐसी परिस्थिति में आमजन की सुरक्षा के संबंध में भी वहां के स्टाफ से बात की तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक